Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to complete the laying of railway line between Latehar (Jharkhand) and Chimiri (Chhattisgarh)

श्री विऐणु दयाल राम (पलामू) : मैं बरवाडीह जिला लातेहार, झारखण्ड और चिरिमिरी जिला अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ के बीच प्रस्तावित रेल लाइन के निर्माण के सम्बन्ध में अपनी बात करना चाहता हूं। यह अंग्रेजों के जमाने की करीब नौ दशक पुरानी योजना है। इसमें वऐाऩ 1930 के दशक में कार्य प्रारम्भ हुआ था, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के प्रारम्भ हो जाने के चलते इस पर कार्य आगे नहीं बढ़ सका। मैं माननीय रेल मंत्री जी को और आदरणीय प्रधानमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि गत वऐाऩ इस योजना की स्वीकृति हुई और इसके लिए बजटीय प्रावधान भी किया गया। इसके लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

महोदया, यह न केवल यातायात के दृएिटकोण से महत्वपूर्ण योजना है, बल्कि व्यापारिक दृएिटकोण से भी बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। यह रेल लाइन जिस रास्ते से होकर गुजरती है, वह खनिज सम्पदा से भरा-पूरा है। इस रेल लाइन के बन जाने से मुंबई-हावड़ा के बीच की दूरी 200 किलोमीटर कम हो जाएगी। यह झारखण्ड और छत्तीसगढ़, दोनों के लिए उपयोगी है। यह एक राएट्रीय योजना है। इसके लिए पैसे की जो कमी है, उसके लिए झारखण्ड सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार दोनों प्रयासरत हैं कि इस कमी को पूरा किया जाए। इस योजना के महत्व को देखते हुए इसको एक राएट्रीय योजना के रूप में लिया जाना चाहिए।

महोदया, हमारी आपके माध्यम से विनती है कि इस योजना की उपयोगिता को देखते हुए शीघ्रातिशीघ्र इसके निर्माण की जो स्वीकृति प्रदान की गई है, उस पर कार्यान्वयन शीघ्र किया जाए।

HON. SPEAKER: Shri Lakhan Lal Sahu, Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri Sunil Kumar Singh and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Vishnu Dayal Ram.